





# मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में आग का तांडव, चार स्थानों पर मची अफरा-तफरी

## वन क्षेत्र और खेतों को भारी नुकसान, सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**मोहन बड़ोदिया । मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में सोमवार का दिन आगजनी की घटनाओं के नाम रहा। क्षेत्र के चार अलग-अलग ग्रामों - करजू, मोहनाए सागड़िया और टिगरिया में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी कि फॉरेस्ट के जंगल से लेकर किसानों के खेतों तक को अपनी चपेट में ले लिया।**

सोमवार दोपहर सबसे भयावह स्थिति ग्राम करजू में देखने को मिली। यहां टॉवर के समीप स्थित फॉरेस्ट के जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। मोहन बड़ोदिया थाने में फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण तत्काल बड़ागांव से दमकल बुलानी पड़ी। सूचना मिलते ही डायल 112 के पायलट संतोष मालवीय और थाने से अनिल सेन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।







### सागड़िया-मोहना के जंगल में भी लपटें...

आगजनी की दूसरी घटना सागड़िया के महादेव शिव पहाड़ी क्षेत्र में हुई . जहां जंगल में आग फैल गई . घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया जा सका . इसी तरह मोहना से भी आगजनी की सूचना प्राप्त हुई, जिसने प्रशासन को दौड़ने पर मजबूर कर दिया .

**टिगरिया में किसान का नुकसान**

ग्राम टिगरिया में आग की चपेट में आने से एक किसान का खेत जल गया। यहां खेत में रखा भारी मात्रा में भूसा और एक टपरी जलकर खाक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और प्राथमिक जांच के अनुसार संभवतः खेत के नरवाई जलाने के कारण यह हादसा हुआ है।

**इनका कहना है**

*सोमवार शाम तक आगजनी की इन घटनाओं के संबंध में किसी भी पक्ष द्वारा थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।*

***- अरविंद सिंह तोमर, थाना प्रभारी, मोहन बड़ोदिया***

## एक नजर में

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**शाजापुर** । मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ .भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में शाजापुर जिला मुख्यालय पर आज 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित गांधी हॉल में सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह गरिमामय आयोजन प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं शाजापुर जिले के प्रभारी मंत्री नारायन सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा उनके सामाजिक समरसता के संदेश और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही उनके जीवन चित्र पर लोक गायन के माध्यम से प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए समस्त जनसामान्य, गणमान्य नागरिकों से अपील की जाती हैं कि वे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं।

### शुजालपुर में गूंजा गर्भ संस्कार का शंखनाद

**शुजालपुर** । शहर के कान्हा का वृंदावन गार्डन में दिव्य संतान प्रकल्प अंतर्गत शंखनाद गर्भ संस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में इंदौर से आए वरिष्ठ चिकित्सक दंपति डॉ। अनिल गर्ग एवं डॉ। सीमा गर्ग ने गर्भ संस्कार विषय पर वैज्ञानिक व व्यवहारिक जानकारी साझा की। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान आहार, मानसिक स्थिति, पारिवारिक वातावरण और आध्यात्मिक साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, संतुलित जीवनशैली और संस्कारयुक्त परिवेश से गर्भस्थ शिशु का सर्वांगीण विकास संभव है। मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं आयुष मंत्री व क्षेत्रीय विधायक इंदर सिंह परमार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के प्रभावी माध्यम हैं, जो आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ, संस्कारित और प्रतिभाशाली बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस तरह के प्रयासों के व्यापक विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम में योगेंद्र महंत राष्ट्रीय संचालक दिव्य संस्थान प्रकल्प राकेश दुबे इंदौर प्रभारी, हिंदू आध्यात्मिक सेवा संस्थान व प्रांजल कोषाध्यक्ष ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि सनातन परंपरा में गर्भ संस्कार की अवधारणा प्राचीन होते हुए भी वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम में करीब 160 गर्भवती महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करने का संकल्प लिया। इस दौरान डॉ। अनिल गर्ग व डॉ। सीमा गर्ग की गर्भ संस्कार पुस्तक का विमोचन मंत्री परमार के करकमलों से किया गया। साथ ही गर्भ संस्कार फाउंडेशन कोर्स एवं नि:शुल्क ऑनलाइन परामर्श सेवा का शुभारंभ भी किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि शुजालपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत 15-15 गांवों को जोड़कर केंद्र स्थापित कर नियमित आयोजन किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक परिवार लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संचालक योगेंद्र महंत का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों का अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संचालन महेश अग्रवाल व आभार राजेंद्र अग्रवाल ने व्यक्त किया। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिलाबाल विकास विभाग का सहयोग सराहनीय रहा।

### उपार्जन केन्द्र पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं रखें : कलेक्टर

**शाजापुर** । कलेक्टर ऋजु बाफना की अध्यक्षता में सोमवार को समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो गया है। उपार्जन केंद्रों पर कृषकों के बैठने, पेयजल व्यवस्था एवं उपार्जन केन्द्रों द्वारा किसानों से क्रय किए जा रहे गेहूं की गुणवत्ता, उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता, गेहूं के बारदानों पर शासन निर्देशानुसार स्टेंसिल छपाई एवं धागे/टेग, छलना, पंखा, बैनर आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगामी फसलों के लिए उर्वरक की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रखने, फार्मर आईडी के बिना उर्वरकों का वितरण नहीं करने तथा शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरक वितरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो, उन ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं वैकल्पिक पेयजल स्त्रोंतों का चिन्हांकन करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि रूफवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की सहमति के बाद ही भवन निर्माण के लिए संबंधितों को अनुमति दें। साथ ही समय-समय पर इसकी जांच भी कराएं। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी सीएमओ को जल कर, संपत्ति कर सहित अन्य करों की वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायतों के सीईओ को जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में प्रगति लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर सतत जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग की समीक्षा कर धारा-85 के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में पूर्ण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी पर जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा उद्यानिकी के अधिकारी को केसीसी ऋण के लक्ष्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने सीएम डेशबोर्ड में दर्ज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयसीमा में निराकृत करने, फार्मर आईडी, समग्र आईडी से आधार लिंक केवायसी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शाजापुर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले में किए जा रहे जनगणना कार्य की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी चार्ज अधिकारियों को जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य समयसीमा में करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, शुजालपुर राजकुमार हलदर व गुलाना सुश्री नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंकिता पाटकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाजापुर।** नेशनल हाईवे 52 पर सोमवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। फानिया जोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। इस हादसे की सूचना मिलने पर डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना ले जाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम

## डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में दिलाई संविधान की शपथ



**शुजालपुर । जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा भारत रत्न डॉ। भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पखवाड़ा 10 से 25 अप्रैल तक विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की शपथ के साथ हुई। इसके बाद डॉ। अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।**

मुख्य अतिथि डॉ। प्रवीणा धारीवाल विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। विशेष अतिथि डॉ। गुलाब मेवाड़ा विधि संकाय ने डॉ। अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांत भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है।

वहीं कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने स्वस्थ जीवन विषय पर मार्गदर्शन देते हुए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रा हर्षिता नागजी ने की। संचालन वैष्णवी मालवीय व आभार अंश राठौर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टफ, एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, आयोजन में प्रीतम सिंह परमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित - शाजापुर,** मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा रविवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से शाजापुर जिले की 171030 लाड़ली बहनाओं के बैंक खाते में 25 करोड़ 65 लाख 45 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई।

# ग्रामीणों ने पेश की मानवता की मिसाल

## लावारिस शव का जनसहयोग से किया अंतिम संस्कार

**मोहन बड़ोदिया। स्थानीय कॉलेज के समीप रविवार दोपहर एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस की कार्रवाई और पोस्टमार्टम के बाद जब शव को मुखाग्नि देने वाला कोई सामने नहीं आया, तो ग्रामीणों ने जन सहयोग और चंदा इकट्ठा कर पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की।**

बता दें, रविवार दोपहर करीब 3 बजे मोहन बड़ोदिया पुलिस को सूचना मिली कि कॉलेज के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच और शिनाख्त के दौरान मृतक की पहचान सिद्दूलाल पिता मुकुंदरम 65 वर्ष, जाति सिकलीगर, निवासी मोहन बड़ोदिया के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सोमवार को पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। शिनाख्त होने के बावजूद जब अंतिम संस्कार के लिए कोई आगे नहीं आया, तो समाज के सजग नागरिकों ने जिम्मेदारी संभाली।

दीपक जैन, होकम सोंधिया, मुकेश नाथ और मजीद ड्राइवर ने न केवल चंदा एकत्रित कर सामग्री का प्रबंध किया, बल्कि मोहन बड़ोदिया के महादेव विश्राम घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ बुजुर्ग का अंतिम संस्कार संपन्न कराया। टीआई ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। शिनाख्त के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के अभाव में ग्रामीणों के सहयोग से अंतिम संस्कार कराया गया।

### एसी और कूलर के बिना दिन गुजारना हुआ मुश्किल

**शाजापुर** । पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होते ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है और तापमान भी आसमान छूने को आतुर नजर आ रहा है। सोमवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 39 के पार पहुंच गया, जिसके एक या दो दिन में ही 40 या उससे अधिक पहुंचने की संभावना है। कुछ दिनों के लिए जरूर मौसम से गर्मी का एहसास हुआ, लेकिन आसपास के इलाकों में हो रही बर्फबारी और बारिश का असर नगर के वातावरण में भी देखने को मिल रहा था, लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरी तरह समाप्त हो चुका है और तापमान में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**सोयतकलां, 13 अप्रैल। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी आरपी वर्मा ने जनगणना 2027 के अंतर्गत आयोजित महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनुपस्थित रहने पर नगर परिषद कानड़ एवं सोयतकलां के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया है।**

जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 13 अप्रैल को अपरान्ह 12 ।30 बजे आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में समस्त चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों को शामिल होने हेतु सुबह 10 बजे व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना दी गई थी। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा बैठक में सहभागिता नहीं की गई। जिससे उनके निकाय से संबंधित आवश्यक जानकारी संकलित नहीं हो सकी। यह कृत्य वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना है तथा कदाचार की श्रेणी में आता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# खिलाड़ियों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

## खेल और आत्मरक्षा की दिशा में बड़ौद का बड़ा कदम

**बड़ौद । खेल एवं आत्मरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट क्लब बड़ौद द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट कोच एवं सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट विजेंद्र खरसोदिया ने खिलाड़ियों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए।**

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को यह भी बताया कि किस प्रकार वे खेल के माध्यम से अपना उज्जवल एवं सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। उनके मार्गदर्शन से उपस्थित खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिला। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी कपिल खरे, वैदेही शर्मा एवं ऋतिक सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा कर खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

कार्यशाला का आयोजन स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट क्लब बड़ौद की संचालिका एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी राखी राजपूत द्वारा किया गया। क्लब के छोटे-छोटे बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेंद्र खरसोदिया ने आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण शिविरों की जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

वहीं राखी राजपूत ने जानकारी दी कि जल्द ही बड़ौद में महिला आत्मरक्षा अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

# जनगणना 2027 में सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कल से 25 तक

**सोयतकलां। जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशन में जिले के प्रगणक एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के मध्य आयोजित किया जाएगा।**

इस संबंध में जनगणना निदेशालय के परिपत्र के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के विभिन्न चार्ज ब्लॉक आगर, कानड़, बड़ौद, सुसनेर, सोयतकलां एवं नलखेड़ा सहित नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण का आयोजन प्रमुख रूप से सांदीपनि विद्यालय, आगर एवं सांदीपनि विद्यालय, सुसनेर सहित अन्य निर्धारित प्रशिक्षण स्थलों पर किया जाएगा ।प्रशिक्षण में नामांकित फील्ड ट्रेनर्स द्वारा संबंधित कक्षों में प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र प्रातः 9 ।30 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होंगे,जिसमें जनगणना कार्य से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं, डेटा संकलन एवं प्रपत्रों के संचालन की जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नामांकित प्रशिक्षकों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथियों एवं स्थलों पर उपस्थित रहकर प्रशिक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# लाड़ली बहनों के खाते में आई राशि

**सोयतकलां। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रविवार को आष्टा जिला सीहोर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बहना योजना की 35वीं किश्त की राशि प्रदेश की लगभग 1.25 करोड़ हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।**

इस अवसर पर प्रदेश स्तर पर कुल 1836 करोड़ रुपए की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की गई। इस क्रम में आगर-मालवा जिले की 113825 लाड़ली बहनों के खातों में कुल 16 करोड़ 75 लाख 54 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई, जिससे हितग्राही महिलाओं को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ।

आष्टा में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का सीधा प्रसारण जिले के नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा एवं सुना। योजना के अंतर्गत प्रति माह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होने पर हितग्राही महिलाओं ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

**एक नजर में** — संघ शताब्दी वर्ष में प्रबुद्धजन गोष्ठी का आयोजन

# सशक्त राष्ट्र निर्माण के विविध विषयों पर किया मंथन







शाजापुर। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मक्सी एवं पोलाय खंड में प्रबुद्धजनों की विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राम विकास सहसंयोजक शंभू प्रसाद गिरि ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ के स्वयंसेवक केवल संगठन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारतीय समाज के साथ मिलकर शिक्षा, सेवाएं स्वास्थ्य जैसे मूलभूत विषयों पर कार्य करते हुए सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि धर्म रक्षा, सामाजिक समरसता, गौसेवा, परिवार संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम विकास जैसे क्षेत्रों में संघ के प्रयासों से सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। भारत के ये कार्य अब विश्व में आस्था के केंद्र बनते जा रहे हैं। राष्ट्र को मातृभाव देना और उसे नित्य प्रार्थना में दोहराना भारतीय संस्कृति की अद्भुत विशेषता है। श्री गिरि ने आगे कहा कि भारत का निर्माण संघर्ष, साहस और शौर्य की अनुपम गाथा है और संघ का स्वयंसेवक अपने भाव एवं आचरण से समाज में साहस और अनुशासन की प्रेरणा देता है। उन्होंने नर सेवा नारायण सेवा, धर्म रक्षितो रक्षित: तथा जीवन से देश बड़ा होता है, जैसे मूल्यों को स्वयंसेवक के जीवन का आधार बताया। गोष्ठी में पंच परिवर्तन विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को परिवार संस्कारों में शामिल करने पर जोर दिया और कहा कि एक पेड़ 100 पुत्रों के समान मानकर प्रकृति की सेवा करनी चाहिए। साथ ही, स्वत्व की पहचान और नागरिक कर्तव्यों के पालन से ही आत्मनिर्भर और वैभवशाली भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें शंभूप्रसाद गिरी, दिलीप कलमोदिया एवं अखिलेश मंडलोई खंड संघचालक मक्सी पोलायद्ध उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुस्तक परिचय, जिज्ञासा समाधान, वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का आयोजन भी हुआ। गोष्ठी स्थल पर गो उत्पाद एवं साहित्य प्रसार के लिए अस्थायी केंद्र भी लगाए गए। इस अवसर पर मक्सी एवं पोलाय खंड से चयनित 197 प्रबुद्ध जनों एवं मातृशक्ति ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शुजालपुर।** आष्टा शुजालपुर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार फ रियादी गुलाब धाकड़ निवासी ग्राम जामनेर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने पिता लक्ष्मीनारायण धाकड़ के साथ बाइक से शुजालपुर से जामनेर जा रहे थे, उसके आगे-आगे अंकल विजयनारायण धाकड़ बाइक से चल रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक कार एमपी 42 जेडएफ 8192 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आकर विजयनारायण की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विजयनारायण को उनके गंभीर चोटें आईं।